# कार्यालयः नगर निगम, गोरखपुर

पत्रांकः 168 /सं0स0कर्मी0नियु0/स्वा0वि0/न0नि0गो0/2016–17 दिनांकः 30 जुलाई, 2016

## विज्ञप्ति

सचिव, नगर विकास, अनुभाग–1, उ0प्र0 शासन के आदेश संख्या–2021/9–1–16– 185सा/10 टोसी दिनांक 04 जुलाई, 2016 में दिये गये निर्देश के क्रम में नगर निगम, गोरखपुर में संविदा सफाई कर्मियों की भर्ती/चयन करने के उद्देश्य से निर्धारित प्रारूप पर निम्नानुसार रिक्त पदों को भरने हेतु आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते हैं–

| निकाय का नाम | भर्ती योग्य कुल रिक्त पद | श्रेणीवार रिक्तियों की संख्या | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | अनारक्षित | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनु0जाति | अनु0 जनजाति |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 7 |
| नगर निगम, गोरखपुर | 1360 | 680 | 367 | 286 | 27 |

**महत्तवपूर्ण शर्तें/निर्देशः**

1– रिक्तियों की संख्या घट/बढ़ सकती है।

2– संविदा सफाई कर्मियों को शासनादेश द्वारा निर्धारित संविदा धनराशि (सम्बन्धित पद का अनुमन्य वेतन बैण्ड एवं ग्रेड वेतन का न्यूनतम तथा उस पर राज्य कर्मचारियों को समय–समय पर देय महँगाई भत्ते के समान धनराशि) अनुमन्य होगी।

3– संविदा सफाई कार्मिकों की सेवाएँ संतोषजनक नहीं पाये जाने पर उनकी संविदा सेवाएँ समाप्त की जा सकती है।

4– आवेदन हेतु दिनांक 01.07.2016 को न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम आयु 40 वर्ष निर्धारित है। इसके अतिरिक्त समय–समय पर आरक्षित श्रेणियों के लिए जारी शासनादेश के अनुसार अधिकतम आयु सीमा में छूट अनुमन्य होगी।

5– निकाय में पूर्व से संविदा पर कार्यरत अथवा ठेकेदारों के माध्यम से कार्यरत सफाई कार्मिकों तथा नगरीय क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मैनुवल स्कैवेन्जरों को निर्धारित अर्हता पूर्ण करने पर इस भर्ती में वरीयता दी जाएगी। इसके लिए अनुभव के सम्बन्ध में प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

6– आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर ए–4 साईज पेपर पर कम्प्यूटर टंकित होना चाहिए। आवेदन पत्र का प्रारूप नगर निगम, गोरखपुर की वेबसाईट www.nagarnigamgkp.org से भी डाउनलोड किया जा सकता है। विज्ञप्ति की फोटोप्रति/हस्तलिखित, अहस्ताक्षरित आवेदन पत्र, अपूर्ण/त्रुटिपूर्ण एवं निर्धारित प्रारूप से भिन्न आवेदन पत्र होने पर इसे निरस्त कर दिया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं आवेदनकर्त्ता की होगी।

7– आवेदन पत्र के साथ नाम व स्वयं का पता लिखे दो लिफाफे, जिस पर 25–25 रूपये के डाक टिकट लगे हों, संलग्न करना अनिवार्य है।

8– आवेदन पत्र के साथ सभी शैक्षिक प्रमाण पत्र, जन्म तिथि प्रमाण पत्र, सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त जाति/आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण पत्र, ठेकेदारों के माध्यम से कार्यरत सफाई कर्मी तथा मैनुवल स्कैवेन्जर होने की दशा में प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित प्रति संलग्न किया जाय।

9– किसी प्रकार की शैक्षिक योग्यता न होने की दशा में आवेदन पत्र में मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा जारी आयु प्रमाण पत्र के अनुसार जन्म तिथि अंकित की जाएगी।

10– आवेदन पत्र पंजीकृत/स्पीड पोस्ट डाक से नगर आयुक्त, नगर निगम, टाउनहाल, गोरखपुर, पिन कोड–273001 के पते पर दिनांक 10.08.2016 को सायं 5:00 बजे तक स्वीकार किये जायेंगे। नियत तिथि/समय के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। डाक प्रेषण में खोने या किसी प्रकार के विलम्ब हेतु विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

11– आवेदनकर्ता को चयन समिति के समक्ष निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने की सूचना दी जाएगी। सूचना नगर निगम मुख्यालय के सूचना पट्ट पर चस्पा की जाएगी तथा नगर निगम की वेबसाइट www.nagarnigamgkp.org पर भी उपलब्ध होगी।

12– साक्षात्कार हेतु नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित न होने पर आवेदन निरस्त माना जाएगा।

13– चयन समिति के समक्ष साक्षात्कार हेतु बुलाए जाने पर कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

14– चयन सूची में नामों को साक्षात्कार में प्रदान किये गये अंकों के अनुसार रखा जाएगा।

15– किसी भी समय बिना कोई कारण बताए चयन/नियुक्ति प्रक्रिया निरस्त/स्थगित की जा सकती है।

प्रभारी अधिकारी अधिष्ठान
नगर निगम, गोरखपुर

नगर आयुक्त
नगर निगम, गोरखपुर

AO\1

# नगर निगम, गोरखपुर

## आवेदन पत्र का प्रारूप

विभाग का नाम : नगर निगम, गोरखपुर

अनुक्रमांक ..............................
(कार्यालय द्वारा भरा जाएगा)

आवेदित पद का नाम : संविदा सफाई कर्मचारी

नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो चस्पा करें
(स्वप्रमाणित)

1. अभ्यर्थी का नाम :..............................
(हिन्दी देवनागरी लिपि में)

2. पिता/पति का नाम :..............................

3. (अ) जन्म तिथि :..............................

(ब) 01 जुलाई, 2016 को आयु ..............वर्ष..............माह..............दिन

4. पत्र व्यवहार का पता : ..............................

..............................

..............................मोबाइल नं0..............................

(मोबाइल नं0 अनिवार्य रूप से भरा जाय)

5. स्थायी पता : ..............................

..............................

..............................

6. राष्ट्रीयता :..............................7. लिंग :..............................

8. शैक्षिक योग्यता :..............................

9. आरक्षित श्रेणी : (सम्बन्धित बाक्स में √ टिक करें)

(अ) सामान्य ☐ (ब) अन्य पिछड़ा वर्ग ☐ (स) अनुसूचित जाति ☐ (द) अनु0 जन जाति ☐

(आरक्षण हेतु जाति प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें)

10. वरीयता श्रेणी : (सम्बन्धित बाक्स में √ टिक करें)

(अ) संविदा पर कार्यरत सफाई कर्मी ☐ (ब) ठेकेदार के माध्यम से कार्यरत सफाई कर्मी ☐

(स) नगरीय/ग्रामीण क्षेत्र के मैनुवल स्कैवेन्जर्स ☐

(वरीयता हेतु अनुभव प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें)

## घोषणा पत्र

मैं एतदद्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि मैंने पात्रता की समस्त शर्तें/निर्देश पढ़ लिये हैं, वह मुझे मान्य हैं। आवेदन फार्म में मेरे द्वारा दिये गये समस्त विवरण/सूचनाएँ सत्य एवं सही हैं तथा इसमें कोई तथ्य छिपाया नहीं गया है। यदि मेरे द्वारा कोई सूचना/तथ्य असत्य, गलत एवं छिपाया जाना पाया जाता है, तो मेरा आवेदन/नियुक्ति निरस्त कर दी जाय।

संलग्नकों का विवरण :

तिथि :

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर